Roll. No. .........................

O.M.R. Serial No. | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

8

# B.A. (SEM.-I) EXAMINATION, 2021-22

# DRAWING AND PAINTING

## ( History of Indian Art-I )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 1 | 4 | 0 | 1 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| C |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 100**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer any 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. If more than 75 questions are attempted by student, then the first attempted 75 questions will be considered for evaluation. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किन्हीं 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। यदि छात्र द्वारा 75 से अधिक प्रश्नों को हल किया जाता है तो प्रारम्भिक हल किये हुए 75 उत्तरों को ही मूल्यांकन हेतु सम्मिलित किया जाएगा। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. The sculpture of Yaksha excavated from Parkham village is of :

(A) Sarvatra-nandi

(B) Manibhadra Yaksha

(C) Gods

(D) All of the above

2. The colours used in Prehistoric paintings are :

(A) black, brown, white, red

(B) white, blue, black

(C) black, green, brown

(D) None of the above

3. In the sculpted friezes of Bharhut, which among these are used along with fruits of mango and jackfruit for decoration ?

(A) Jewelleries

(B) Marine animals and birds

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

4. Buddhist monks used caves of mountains to reside. These were called :

(A) Lane

(B) Griha

(C) Awas

(D) Prasad

5. The remains found from Indus Valley Civilization are of :

(A) Houses

(B) Bath

(C) Grainery

(D) All of the above

1. परखम ग्राम से प्राप्त यक्ष मूर्ति :

(A) सर्वत्र-नन्दी की है

(B) मनिभद्र यक्ष की है

(C) देवताओं की है

(D) उपरोक्त सभी

2. प्रागैतिहासिक चित्रों में प्रयुक्त रंग हैं :

(A) काला, भूरा, सफेद, लाल

(B) सफेद, नीला, काला

(C) काला, हरा, भूरा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. भरहुत शिल्प में आम और कटहल के साथ-साथ साज-सज्जा के लिये प्रयुक्त होते हैं :

(A) विभिन्न आभूषण

(B) जलचर तथा पक्षी

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. बौद्ध भिक्षु आश्रय के लिये पर्वत की गुफाओं का प्रयोग करते थे, इनको कहा जाता था :

(A) लेण

(B) गृह

(C) आवास

(D) प्रासाद

5. सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त हुये अवशेष हैं :

(A) भवनों के

(B) स्नानागारों के

(C) अन्नागारों के

(D) उपरोक्त सभी

6. The important characteristic of paintings of Ajanta :

(A) Depiction of emotions

(B) Linear beauty

(C) Gestures of hands

(D) All of the above

7. The main subject painted in pre-historic paintings is :

(A) War

(B) Hunting

(C) Jataka narratives

(D) None of the above

8. The important characteristic of Karle's Chaitya-griha is :

(A) Developed architecture and sculptural art

(B) Kirtistambh with Lion capital

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

9. The Stupa of Sanchi is the best example of :

(A) The classic art of Mauryan Art

(B) The art of Shunga Period

(C) The art of Kushana Period

(D) The art of Vakatakas

10. On the four Torans of Stupa _________ were excavated.

(A) Sculptures of Yakshas

(B) Sculptures of Rulers

(C) No sculptures

(D) None of the above

6. अजन्ता के चित्रों की प्रमुख विशेषता है :

(A) भाव प्रवणता

(B) रेखा सौष्ठव

(C) हस्त मुद्रायें

(D) उपरोक्त सभी

7. प्रागैतिहासिक चित्रों का प्रमुख विषय है :

(A) युद्ध

(B) आखेट

(C) जातक कथायें

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. कार्ले के चैत्यगृह की विशेषता है :

(A) उन्नत वास्तु तथा शिल्पकला

(B) सिंह शीर्षक युक्त कीर्तिस्तम्भ

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. साँची का स्तूप सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है :

(A) मौर्य काल की उत्कृष्ट कला का

(B) शुंग काल की कला का

(C) कुषाण काल की कला का

(D) वाकाटक कला का

10. स्तूप के चारों तोरणों पर :

(A) यक्ष मूर्तियाँ उकेरी गयीं

(B) शासक की मूर्तियाँ निर्मित की गयीं

(C) कोई मूर्ति अंकित नहीं की गयी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. The Chaitya-griha of Bhaja :

(A) is extraordinary for its architecture

(B) is a beautiful blend of woodwork with stone engravings

(C) have no ornamentation on sculptures

(D) All of the above

11. भज का चैत्यगृह :

(A) वास्तुकला में उत्कृष्ट है

(B) काष्ठ तथा पाषाण कला का परस्पर संयोग है

(C) मूर्तिशिल्प अलंकारविहीन है

(D) उपरोक्त सभी

12. The ancient name of Ellora is :

(A) Berul (Verul)

(B) Ajintha

(C) Shutnuka

(D) Shivadan

12. एलोरा का प्राचीन नाम है :

(A) बेरुल

(B) अजिण्ठा

(C) शुतनुका

(D) शिवदान

13. The rock-cut caves were constructed for :

(A) living space of Buddhist monks

(B) place of worship for Buddhist monks

(C) place of samadhi on remains of Buddhist monks

(D) All of the above

13. शैलगृही गुफाओं का निर्माण किया गया था :

(A) बौद्ध भिक्षुओं के निवास के लिये

(B) भिक्षुओं के पूजा स्थल के लिये

(C) भिक्षुओं के अवशेष समाधि निर्माण के लिये

(D) उपरोक्त सभी

14. On the walls of 16 Viharas of Nasik :

(A) frescoes are decorated

(B) frescoes were painted like Ajanta, but those are all destroyed

(C) sculptures are engraved

(D) no decoration is found

14. नासिक में 16 विहारों की भित्तियों पर :

(A) भित्ति चित्रण है

(B) अजन्ता की भांति चित्रण था, परन्तु अब नहीं है,

(C) मूर्तिशिल्प उकेरा गया है

(D) कोई अलंकरण नहीं है

15. The paintings based on 'Shiv-Vivah' is painted in :

(A) Badami

(B) Bagh

(C) Ajanta

(D) Sittanvasal

15. 'शिव विवाह' पर आधारित चित्र चित्रित हैं :

(A) बादामी में

(B) बाघ में

(C) अजन्ता में

(D) सित्तनवासल में

16. Triratna of Buddhist religion are :

(A) Buddha, religion and sangh

(B) Buddha, courtesy and kindness

(C) Education, donation and religion

(D) Donation, sangh and courtesy

17. Who is acknowledged for bringing the prehistoric cave paintings of Panchamarhi into light ?

(A) D.H. Gorden

(B) Stella Kremrisch

(C) Vishnudhar Vakankar

(D) None of the above

18. Subjects painted in pre-historic paintings are :

(A) Daily life of pre-historic man

(B) Merry making

(C) Hunting

(D) All of the above

19. Stupa for its supreme structure was called and considered as :

(A) Symbol of Universe

(B) Symbol of Sun

(C) Symbol of Planets

(D) All of the above

20. The Vihara Cave of Karle is decorated with :

(A) Sculptures

(B) Paintings

(C) Without any decoration

(D) None of the above

16. बौद्ध धर्म में त्रिरत्न हैं :

(A) बुद्ध, धर्म तथा संघ

(B) बुद्ध, विनय तथा उदारता

(C) शिक्षा, दान तथा धर्म

(D) दान, संघ तथा विनय

17. पंचमढ़ी के प्रागैतिहासिक गुफा चित्रों को प्रकाश में लाने का श्रेय किसको है ?

(A) डी.एच. गॉर्डन

(B) स्टेला क्रेमरिश

(C) विष्णुधर वाकणकर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

18. प्रागैतिहासिक चित्रों में चित्रित विषय हैं :

(A) आदिमानव का दैनिक जीवन

(B) आमोद-प्रमोद

(C) शिकार

(D) उपरोक्त सभी

19. स्तूप को उसके महास्वरूप में :

(A) ब्रह्माण्ड का प्रतीक माना गया

(B) सूर्य का प्रतीक माना गया

(C) नक्षत्रों का प्रतीक माना गया

(D) उपरोक्त सभी

20. कार्ले की विहार गुफा अलंकृत है :

(A) मूर्तियों से

(B) भित्तिचित्रों से

(C) कोई अलंकरण नहीं है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

21. Painted caves of Kohbar and Ghod Mangar are situated at :

(A) Singhanpur

(B) Bhimbetaka

(C) Panchamarhi

(D) Mirzapur

22. 'The Dying, Wounded Buffalo' is painted in :

(A) Mirzapur

(B) Singhanpur

(C) Bajar Cave

(D) Imali Khoh

23. On the capital of the Pillar of Sarnath constructed by Ashoka ________ is / are placed.

(A) four lions

(B) one lion

(C) two lions

(D) lotus flower (upright)

24. The sculptures of Yakshas :

(A) are evidence of folk traditions

(B) are ornamented and of great size

(C) are constructed to be seen in round

(D) All of the above

25. What is Chaitya-yup ?

(A) The wooden pillar on chaitya

(B) The umbrella on the chaitya

(C) The banyan tree near chaitya

(D) The stupa in chaitya

21. कोहबर तथा घोड़मंगर की चित्रित गुफायें किस क्षेत्र में स्थित हैं ?

(A) सिंहनपुर

(B) भीमबेटका

(C) पंचमढ़ी

(D) मिर्जापुर

22. 'दम तोड़ता हुआ घायल भैंसा' का चित्र कहाँ चित्रित है ?

(A) मिर्जापुर

(B) सिंहनपुर

(C) बाजार केव

(D) इमली खोह

23. सम्राट अशोक द्वारा निर्मित सारनाथ के स्तम्भ के शीर्षक पर __________ अवस्थित है / हैं।

(A) चार सिंह

(B) एक सिंह

(C) दो सिंह

(D) कमल पुष्प (सीधा)

24. यक्ष की मूर्तियां :

(A) लोककला की परम्परा का प्रमाण हैं

(B) अलंकृत तथा अतिकाय हैं

(C) चतुर्मुख दर्शन हेतु निर्मित हैं

(D) उपरोक्त सभी

25. चैत्ययूप क्या है ?

(A) चैत्य के ऊपर काष्ठ स्तम्भ

(B) चैत्य के ऊपर का छत्र

(C) चैत्य के निकट बरगद वृक्ष

(D) चैत्य में निर्मित स्तूप

26. __________ are found from Bhim – Betaka.

(A) Pre-historic paintings

(B) Ragamala paintings

(C) Seals

(D) Pothi-chitra

26. भीमबेटका से __________ प्राप्त हुये हैं।

(A) प्रागैतिहासिक चित्र

(B) रागमाला चित्र

(C) मोहरें

(D) पोथी चित्र

27. From which cave of Ellora are the paintings found ?

(A) Kailash Mandir

(B) Dashavtaar Mandir

(C) Teen Taal

(D) All of the above

27. एलोरा में चित्र किस गुफा से प्राप्त होते हैं ?

(A) कैलाश मंदिर

(B) दशावतार मंदिर

(C) तीन ताल

(D) उपरोक्त सभी

28. Yakshas, in popular tradition, are also known as ________ :

(A) Veer

(B) Vishnu

(C) Shiv

(D) Buddha

28. यक्षों को लोक परम्परा में __________ भी कहते हैं।

(A) वीर

(B) विष्णु

(C) शिव

(D) बुद्ध

29. Seals from Indus Valley Civilization have inscriptions in script of :

(A) Devanagari

(B) Ancient Sanskrit

(C) Pictography

(D) None of the above

29. सिन्धु घाटी सभ्यता में मोहरों पर अंकित लिपि है :

(A) देवनागरी

(B) प्राचीन संस्कृत

(C) चित्रात्मक लिपि

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

30. Depicted in Shivi Jataka :

(A) Indra and Agni in form of Pigeon and Hawk

(B) Buddha incarnated as Shivi

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

30. शिवि जातक में चित्रित है :

(A) कबूतर तथा बाज के रूप में इन्द्र तथा अग्नि

(B) महाराज शिवि के अवतार में बुद्ध

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

31. Who constructed the Royal Palace of Patliputra ?

(A) Chandragupta

(B) Megasthenes

(C) Ashoka

(D) Seleucus

31. पाटलिपुत्र के विशाल राजप्रासाद का निर्माण किसने करवाया था ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) मेगास्थनीज़

(C) अशोक

(D) सेल्युकस

32. Kuber is called _________ of Yakshas.

(A) Rajraja

(B) Commander

(C) Common Yaksha

(D) None of the above

32. कुबेर को यक्षों का :

(A) राजराजा कहा जाता है

(B) सेनापति कहा जाता है

(C) साधारण यक्ष माना जाता है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. The Pre-historic man was dependent on :

(A) Hunting

(B) Agriculture

(C) Village life

(D) None of the above

33. प्रागैतिहासिक मनुष्य आश्रित था :

(A) आखेट पर

(B) कृषि पर

(C) ग्राम जीवन पर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. 'Parikha' is :

(A) The round base of pillar

(B) The deep ditch around the city

(C) Roads around city

(D) None of the above

34. 'परिखा' कहते हैं :

(A) स्तम्भ के गोल आधार को

(B) नगर के चारों ओर बनी गहरी खाई को

(C) नगर वीथिका को

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. What is the basis for dating of any artefact ?

(A) The description inscribed on Artefact

(B) Style of Artefact

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

35. किसी कलात्मक वस्तु के काल का निर्धारण का आधार होता है :

(A) कला-वस्तु पर उत्कीर्णित आलेख

(B) कला-वस्तु की शैली

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

36. Caves of Ajanta are famous because of :

(A) magnificient paintings

(B) exotic locale

(C) craftsmanship of construction by joining stones

(D) sculptures of Tirthankaras

36. अजन्ता की गुफायें प्रसिद्ध हैं :

(A) भव्य चित्रण के कारण

(B) विशिष्ट स्थिति के कारण

(C) पत्थरों को जोड़कर निर्माण करने की कारीगरी के कारण

(D) तीर्थंकरों के मूर्तिशिल्प के कारण

37. Painting of 'Black Princess' is painted in which cave of Ajanta ?

(A) Cave-1

(B) Cave-2

(C) Cave-9

(D) Cave-16

37. अजन्ता की किस गुफा में 'काली राजकुमारी' चित्र चित्रित है ?

(A) गुफा-1

(B) गुफा-2

(C) गुफा-9

(D) गुफा-16

38. Which colour was used for line drawing on prepared surface of paintings of Ajanta ?

(A) Indian Red

(B) Black

(C) Red

(D) Blue

38. अजन्ता के चित्रों में चित्र आधार पर किस रंग से रेखांकन किया गया है ?

(A) गेरू रंग

(B) काला रंग

(C) लाल रंग

(D) नीला रंग

39. Painting of Ardhanarishwar is found from which cave ?

(A) Sigiriya

(B) Ellora

(C) Sittanvasal

(D) Elephanta

39. अर्द्धनारीश्वर का चित्र किस गुफा से प्राप्त हुआ है ?

(A) सिगिरिया

(B) एलोरा

(C) सित्तनवासल

(D) एलीफेन्टा

40. Where is Kailash Temple situated ?

(A) Ajanta

(B) Elephanta

(C) Ellora

(D) Sigiriya

40. कैलाश मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) अजन्ता

(B) एलीफेन्टा

(C) एलोरा

(D) सिगिरिया

41. Which ruler donated the Barabar caves to Ajivaka Monks ?

(A) Chandragupta

(B) Samudragupta

(C) Bindusar

(D) Ashoka

41. बराबर की प्राचीन गुफाओं को आजीवक भिक्षुओं को किस शासक ने दान किया था ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) समुद्रगुप्त

(C) बिन्दुसार

(D) अशोक

42. The four entrances (Dwara) constructed around the stupa on vedika are called :

(A) Chaitya-dwar

(B) Chaitya-yup

(C) Toran dwar

(D) Yup dwar

42. स्तूप की वेदिका पर स्तूप के चारों तरफ बने द्वारों को कहते हैं :

(A) चैत्यद्वार

(B) चैत्ययूप

(C) तोरण द्वार

(D) यूप द्वार

43. Kirtistambha are :

(A) the pillars on the entrance of palace

(B) the pillars in front of caves

(C) the pillars in front of stupa

(D) the pillars erected by rulars as memorial of victory

43. कीर्तिस्तम्भ कहते हैं :

(A) प्रासाद के द्वार पर लगे स्तम्भों को

(B) पहाड़ी गुफाओं के सम्मुख लगे स्तम्भों को

(C) बौद्ध स्तूप के सम्मुख लगे स्तम्भों को

(D) शासकों द्वारा विजय स्मृति के रूप में निर्मित स्तम्भों को

44. The concept of magnificent capital construction on pillars was an imagination of :

(A) Chandragupta

(B) Bindusara

(C) Ashoka

(D) Skandagupta

44. स्तम्भों पर भव्य शीर्षक का निर्माण, किसकी कल्पना थी ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) बिन्दुसार

(C) अशोक

(D) स्कन्दगुप्त

45. __________ are excavated on the four torans of stupas.

(A) Round sculptures

(B) The scenes from life of Buddha

(C) Wild animals worshiping of Bodhi tree

(D) All of the above

45. स्तूप के चारों तोरणों पर उकेरी गयीं हैं :

(A) स्वतन्त्र मूर्तियां

(B) बुद्ध के जीवन की घटनायें

(C) बोधि वृक्ष की पूजा करते हुये पशु

(D) उपरोक्त सभी

46. The remains of caves excavated from Bhaja include :

(A) Vihar

(B) Chaitya-griha

(C) Stupa samuh (group of stupas)

(D) All of the above

46. भज से प्राप्त अवशेषों में सम्मिलित हैं :

(A) विहार

(B) चैत्यगृह

(C) स्तूप समूह (स्तूपों का समूह)

(D) उपरोक्त सभी

47. Who was the first Sunga Ruler ?

(A) Ashoka

(B) Ghanbhuti

(C) Pushyamitra

(D) None of the above

47. प्रथम शुंग शासक था :

(A) अशोक

(B) घनभूति

(C) पुष्यमित्र

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. Vedika and Toran Dwar of Stupa of Bharhut were constructed under which ruler ?

(A) Ashoka

(B) Pushyamitra

(C) Ghanbhuti

(D) Chandragupta

48. भरहुत के स्तूप की वेदिका तथा तोरण द्वार का निर्माण किस शासक के अन्तर्गत हुआ ?

(A) अशोक

(B) पुष्यमित्र

(C) घनभूति

(D) चन्द्रगुप्त

49. The main subject of paintings of Ajanta is :

(A) Jataka narrations

(B) The spiritual and philosophical aspect of Buddha

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

49. अजन्ता के चित्रों की मुख्य विषय-वस्तु है :

(A) जातक कथायें

(B) बुद्ध का दार्शनिक तथा आध्यात्मिक स्वरूप

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. What is 'Vedika' ?

(A) The path surrounding stupa

(B) The place of worship in stupa

(C) The form encircling the stupa

(D) The base of the pillars of stupa

50. 'वेदिका' क्या है ?

(A) स्तूप में प्रदक्षिणा पथ

(B) स्तूप में पूजा का स्थान

(C) स्तूप के चारों ओर परिमंडलाकार स्वरूप

(D) स्तूप के स्तम्भों का आधार

51. Artefacts excavated from Indus Valley Civilization include :

(A) Seals

(B) Earthenware

(C) Sculptures

(D) All of the above

51. सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त हुये पुरावशेष हैं :

(A) मोहरें

(B) मृत्तिका पात्र

(C) मूर्तियाँ

(D) उपरोक्त सभी

52. Who painted the wall paintings of Jogimara Cave ?

(A) Devdasi Shutnuka

(B) Devdutta

(C) Rang-karmi

(D) Varun

52. जोगीमारा गुफा के चित्र किसके द्वारा चित्रित किये गये ?

(A) देवदासी शुतनुका

(B) देवदत्त

(C) रंगकर्मी

(D) वरुण

53. The Great Bath of Indus Valley Civilization is excavated from :

(A) Mohenjo-daro

(B) Harappa

(C) Kalibanga

(D) Lothal

53. सिन्धु घाटी सभ्यता का स्नानागार कहाँ से प्राप्त हुआ ?

(A) मोहनजोदड़ो

(B) हड़प्पा

(C) कालीबंगा

(D) लोथल

54. Which Chalukya ruler constructed Badami Caves ?

(A) Pulakeshin I

(B) Kirtivarman

(C) Manglesh

(D) Pulakeshin II

54. बादामी की गुफाओं का निर्माण किस चालुक्य शासक ने करवाया ?

(A) पुलकेशिन प्रथम

(B) कीर्तिवर्मन

(C) मंगलेश

(D) पुलकेशिन द्वितीय

55. In which cave the different incarnations of Vishnu and different forms of Shiva are depicted beautifully ?

(A) Dashavtaar

(B) Kailash Mandir

(C) Hathikhana

(D) None of the above

55. किस गुफा में विष्णु के विभिन्न अवतारों तथा शिव के विभिन्न रूपों की सुन्दर शिल्पाकृतियाँ मिलती हैं ?

(A) दशावतार

(B) कैलाश मंदिर

(C) हाथीखाना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

56. The credit of Discovery of Caves of Badami is given to scholar :

(A) C. Shivaram Murti

(B) Stella Kramrisch

(C) E.V. Havell

(D) Vincent Smith

56. बादामी की गुफाओं की खोज का श्रेय किस विद्वान को दिया जाता है ?

(A) सी. शिवराम मूर्ति

(B) स्टेला क्रेमरिश

(C) ई.वी. हैवेल

(D) विन्सेन्ट स्मिथ

57. ______ are engraved in Chhoti Kailash Cave.

(A) Sculptures of 23 Tirthankaras

(B) Sculptures of Ganga and Yamuna

(C) Sculpture of Mahadev Shiv

(D) None of the above

57. छोटी कैलाश गुफा में उत्कीर्णित हैं :

(A) 23 तीर्थंकरों के शिल्प

(B) गंगा और यमुना के शिल्प

(C) महादेव शिव का शिल्प

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. Sculptures of Yaksha were engraved on stupas of Bharhut and Sanchi because :

(A) Worship of Yaksha was followed before worship of Buddha

(B) Yakshas were Buddhist Gods

(C) Yakshas were decorational motifs

(D) Yaksha sculptures were symbol of ideal human form

58. भरहुत और साँची के स्तूपों पर यक्ष मूर्तियाँ उत्कीर्णित करायी गयी क्योंकि :

(A) बुद्ध की पूजा से भी पहले यक्ष पूजा प्रचलित थी

(B) यक्ष बौद्ध देवता थे

(C) यक्ष अलंकारिक अभिप्राय थे

(D) यक्ष मूर्तियाँ आदर्श मानव शरीर का प्रतीक थीं

59. The figure of 'Unicorn' is found inscribed on :

(A) Seals from Indus Valley civilization

(B) Earthenware from Indus Valley civilization

(C) Medieval book illustrations

(D) Miniatures painted during reign of Jahangir

59. 'एकशृंगी अश्व' की आकृति प्राप्त हुयी है :

(A) सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त मोहरों पर

(B) सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त मिट्टी के पात्रों पर

(C) मध्यकालीन पोथी चित्रण में

(D) जहाँगीर के काल में चित्रित लघुचित्रों में

60. The 'Lion pillar' from Sarnath is associated with :

(A) Buddhism

(B) Jainism

(C) Hinduism

(D) Greek religion

60. सारनाथ का 'सिंह स्तम्भ' सम्बन्धित है :

(A) बौद्ध धर्म से

(B) जैन धर्म से

(C) हिन्दू धर्म से

(D) यूनानी धर्म से

61. Where is the scene of 'Catching of Elephants' is painted ?

(A) Likhuniya

(B) Sorahoghat

(C) Bhaldariya

(D) Jambudweep

61. 'हाथियों को पकड़ने' का दृश्य कहाँ चित्रित है ?

(A) लिखुनियाँ

(B) सोरहो घाट

(C) भलदरिया

(D) जम्बूद्वीप

62. Where is the magnificent sculptures of 'Ganga-Yamuna' are engraved ?

(A) At the entrance of Dashavtaar cave

(B) At the entrance of Kailasha temple

(C) At the entrance of Brahm cave

(D) In Teen Taal cave

62. 'गंगा-यमुना' की भव्य शिल्पाकृतियाँ अंकित हैं :

(A) दशावतार गुफा के द्वार पर

(B) कैलाश मंदिर के द्वार पर

(C) ब्रह्म गुफा के द्वार पर

(D) तीन ताल गुफा में

63. The statue of 'Bronze dancing figure' is excavated from :

(A) Mohenjo-daro

(B) Harappa

(C) Lothal

(D) Kalibanga

63. 'काँसे की नर्तकी' मूर्तिशिल्प कहाँ से उत्खनन में प्राप्त हुई ?

(A) मोहनजोदड़ो

(B) हड़प्पा

(C) लोथल

(D) कालीबंगा

64. The sculptures of Buddha made during reign of Kanishka were influenced with the style of :

(A) Greek art

(B) Roman art

(C) Indian art (Ajanta)

(D) None of the above

64. कनिष्क के काल में निर्मित बुद्ध की प्रतिमाओं पर किस शैली का प्रभाव पड़ा ?

(A) यूनानी शैली

(B) रोमन शैली

(C) भारतीय शैली (अजन्ता)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

65. The colours used in cave paintings of Ajanta are :

(A) mineral colours

(B) vegetable colours

(C) natural colours

(D) None of the above

65. अजन्ता के भित्तिचित्रों में प्रयुक्त रंग हैं :

(A) खनिज रंग

(B) वानस्पतिक रंग

(C) प्राकृतिक रंग

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. The Blue colour used in the paintings of Ajanta was extracted from :

(A) Neel

(B) Lapis Lezuli

(C) Local stones

(D) None of the above

66. अजन्ता के चित्रों में प्रयुक्त नीला रंग प्राप्त होता था :

(A) नील से

(B) लेपिस लेजुली पत्थर से

(C) स्थानीय पत्थरों से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

67. What is the local name for Bagh Caves ?

(A) Baghora

(B) Panch Pandav caves

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

67. बाघ की गुफाओं का स्थानीय नाम क्या है ?

(A) बघोरा

(B) पञ्चपाण्डव गुफाएं

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

68. The houses in Indus Valley Civilization were made from :

(A) Baked earthen bricks

(B) Stones

(C) Wood

(D) None of the above

68. सिन्धु घाटी सभ्यता में भवन निर्मित किये गये :

(A) पकाई गयी मिट्टी की ईंटों से

(B) पत्थरों से

(C) लकड़ी से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. The oldest cave of Ajanta is :

(A) Cave-11

(B) Cave-16

(C) Cave-10

(D) Cave-1

69. अजन्ता की सर्वाधिक प्राचीन गुफा है :

(A) गुफा-11

(B) गुफा-16

(C) गुफा-10

(D) गुफा-1

70. In the painting of the 'Dying Princess', what is beautifully depicted ?

(A) State of Nand's wife after he becomes a monk

(B) A princess dying due to ill health

(C) A queen loosing her consciousness

(D) Nand leaving her dead wife

70. 'मरणासन्न राजकुमारी' चित्र में क्या सुन्दररूप से वर्णित है ?

(A) नन्द के भिक्षु बनने के बाद उसकी पत्नी की दशा

(B) रोग से कृशकाय राजकुमारी की मृत्यु

(C) मूर्छित होती हुयी रानी

(D) मृत पत्नी को छोड़कर जाते हुये नन्द

71. Where is Singhanpur situated ?

(A) Andhra Pradesh

(B) Karnataka

(C) Uttar Pradesh

(D) Madhya Pradesh

71. सिंहनपुर कहाँ स्थित है ?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) कर्नाटक

(C) उत्तर प्रदेश

(D) मध्य प्रदेश

72. 'Two groups of Singers' painting is painted in :

(A) Ajanta

(B) Bagh Caves

(C) Ragmala Paintings

(D) Tad Pothi Chitras

72. 'गायिकाओं के दो दल' का चित्र कहाँ चित्रित है ?

(A) अजन्ता में

(B) बाघ की गुफाओं में

(C) रागमाला चित्रों में

(D) ताड़ पोथी चित्रों में

73. 'Vinaya Pitak' is associated to which religion ?

(A) Buddhism

(B) Jainism

(C) Shaivism

(D) Vaishnavism

73. 'विनय पिटक' किस धर्म से सम्बन्धित है ?

(A) बौद्ध धर्म

(B) जैन धर्म

(C) शैव धर्म

(D) वैष्णव धर्म

74. The bust image of 'Man with beard (Priest)' is excavated from :

(A) Mohenjo-daro

(B) Harappa

(C) Chanhudaro

(D) Kalibanga

74. 'दाढ़ी वाले पुरुष (पुरोहित)' की आवक्ष प्रतिमा कहाँ से प्राप्त हुयी है ?

(A) मोहनजोदड़ो

(B) हड़प्पा

(C) चन्हुदड़ो

(D) कालीबंगा

75. In Indus Valley Civilization :

(A) Houses were built along the straight roads

(B) Roads were perpendicular to each other

(C) There was a developed drainage system

(D) All of the above

75. सिन्धु घाटी सभ्यता में :

(A) घर सीधी सड़क के किनारे बने होते थे

(B) सड़कें समकोण पर मिलती थीं

(C) वहाँ पानी के निकास की समुचित व्यवस्था थी

(D) उपरोक्त सभी

76. The ancient name of Badami is :

(A) Vatyapipuram

(B) Baghora

(C) Ajintha

(D) Rangshala

77. The constructural elements of Stupa architecture are :

(A) Anda

(B) Hermika and Chhatravali

(C) Mahavedika and Torandwar

(D) All of the above

78. 'Bodhisattava Padmapani' is painted in which cave of Ajanta ?

(A) Cave - 10

(B) Cave - 2

(C) Cave - 9

(D) Cave - 1

79. Who discovered the cave paintings of Bhimbetaka ?

(A) D. H. Gordan

(B) Vishnudhar Vakadkar

(C) Asit Kumar Haldhar

(D) Stella Kramrisch

80. Paintings of Caves of Sigiriya depict :

(A) Nymphs (Apsara) on clouds

(B) Assembly of Indra

(C) Procession of Buddha in sky

(D) Dying princess

76. बादामी का प्राचीन नाम है :

(A) वात्यापिपुरम

(B) बघोरा

(C) अजिण्ठा

(D) रंगशाला

77. स्तूप वास्तुशिल्प के संरचनात्मक अंग हैं :

(A) अण्ड

(B) हर्मिका तथा छत्रावली

(C) महावेदिका तथा तोरणद्वार

(D) उपरोक्त सभी

78. 'बोधिसत्व पद्मपाणि' अजन्ता की किस गुफा में चित्रित है ?

(A) गुफा-10

(B) गुफा-2

(C) गुफा-9

(D) गुफा-1

79. भीमबेटका के गुहा चित्रों को सर्वप्रथम किसने खोजा था ?

(A) डी. एच. गॉर्डन

(B) विष्णुधर वाकणकर

(C) असित कुमार हलधर

(D) स्टेला क्रेमरिश

80. सिगिरिया के गुहा चित्रों में अंकित हैं :

(A) अप्सरायें जिनके नीचे मेघ अंकित हैं

(B) इन्द्र की सभा

(C) बुद्ध का आकाश में जुलूस

(D) मरणासन्न राजकुमारी

81. Which of the following paintings is painted in Ajanta ?

(A) Mar Vijaya

(B) Vijaya Utsava

(C) Buddha in form of Mar

(D) None of the above

81. निम्नलिखित चित्रों में से कौन-सा अजन्ता में चित्रित है ?

(A) मार विजय

(B) विजय उत्सव

(C) मार के रूप में बुद्ध

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

82. Which of the following are often represented in Bharhut Sculptures ?

(A) Yaksha

(B) Naga

(C) Shree Devi

(D) All of the above

82. निम्नलिखित में से कौन-सा भरहुत शिल्प में बहुतायत में अंकित है ?

(A) यक्ष

(B) नाग

(C) श्री देवी

(D) उपर्युक्त सभी

83. The copies of Paintings of Bagh caves are collected in :

(A) Gwalior Fort

(B) Jhansi Fort

(C) Bhopal

(D) None of the above

83. बाघ गुफाओं के चित्रों की प्रतिलिपियाँ कहाँ संरक्षित हैं ?

(A) ग्वालियर दुर्ग में

(B) झाँसी के दुर्ग में

(C) भोपाल में

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

84. On both sides of the entrance of the Nasik's Chaitya-griha :

(A) beautiful sculptures are carved on the square capital (Anda) of square pillars

(B) beautiful ornamentation on large and round pillars

(C) there is no ornamentation on pillars

(D) None of the above

84. नासिक के चैत्यगृह के प्रवेशद्वार के दोनों ओर पर :

(A) चौकोर स्तम्भों के चौकोर शीर्ष (अण्ड) भाग पर भव्य मूर्तियाँ अंकित हैं

(B) स्थूल तथा गोल स्तम्भों पर अतिसुन्दर अलंकरण हैं

(C) अलंकरणविहीन स्तम्भ हैं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

85. Sittanvasal caves are :

(A) Buddhist temple

(B) Jain temple

(C) Hindu (Brahmin) temple

(D) None of the above

85. सित्तनवासल गुफाएं :

(A) बौद्ध मन्दिर हैं

(B) जैन मन्दिर हैं

(C) हिन्दू (ब्राह्मण) मन्दिर हैं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

86. One of the oldest paintings of Ajanta is :

(A) Stupa Archana – Cave-9

(B) Bodhisattava Padmapani – Cave-1

(C) Nand ki Katha – Cave-11

(D) Shadadant Jataka – Cave-17

86. अजन्ता के सर्वाधिक प्राचीन चित्रों में से एक है :

(A) स्तूप की अर्चना – गुफा-9

(B) बोधिसत्व पद्मपाणि – गुफा-1

(C) नन्द की कथा – गुफा-11

(D) षडदन्त जातक – गुफा-17

87. The oldest examples of Indian wall paintings are from :

(A) Jogimara

(B) Ajanta

(C) Pre-historic caves

(D) None of the above

87. भारतीय भित्तिचित्रों के प्राचीनतम उदाहरण हैं :

(A) जोगीमारा के चित्र

(B) अजन्ता के चित्र

(C) प्रागैतिहासिक गुफाएं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

88. _________ was situated on the wooden shafts in Chaitya-griha of Karle and Nasik.

(A) Mukh Mandap

(B) Purn Kumbha figure

(C) Kirti Mukh figure

(D) Sangeetshala

88. कार्ले तथा नासिक के चैत्यगृह में धन्नियों पर ________ अवस्थित थी।

(A) मुख-मण्डप

(B) पूर्ण कुम्भ आकृति

(C) कीर्तिमुख आकृति

(D) संगीतशाला

89. Woodwork is not found at :

(A) Chaitya–griha of Karle

(B) Chaitya–griha of Nasik

(C) Chaitya–griha of Bhaja

(D) Khandgiri Caves

89. काष्ठ कर्म का प्रयोग नहीं दिखता है :

(A) कार्ले के चैत्यगृह में

(B) नासिक के चैत्यगृह में

(C) भज के चैत्यगृह में

(D) खण्डगिरी गुफाओं में

90. The Chaitya-griha of Nasik is famous as :

(A) Pandulen

(B) Chandrakriti

(C) Mahakirti Mukha

(D) None of the above

90. नासिक का चैत्यगृह प्रसिद्ध है :

(A) पांडुलेण के नाम से

(B) चन्द्राकृति के नाम से

(C) महाकीर्तिमुख के नाम से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

91. Cave temples of Ellora include :

(A) Buddhist Caves

(B) Jain Caves

(C) Shaiva Caves

(D) All of the above

92. Yaksha sculpture found from Vidisha :

(A) is 12 feet high

(B) is carrying a bag of coins in right hand

(C) is wearing a high turban

(D) All of the above

93. Paintings are found in which cave of Bagh ?

(A) Hathikhana, Rangmahal

(B) Panchpandu, Grihgufa

(C) Gusain gufa, Pathshala

(D) None of the above

94. Aim of Pre-historic paintings is :

(A) Magic

(B) Expression

(C) Ritual

(D) All of the above

95. Centers of Indus Valley Civilization were :

(A) Mohenjo-daro, Harappa

(B) Bhim Betaka, Mirzapur

(C) Udaipur, Jaipur

(D) None of the above

91. एलोरा के गुफा मन्दिरों में सम्मिलित हैं :

(A) बौद्ध गुफायें

(B) जैन गुफायें

(C) शैव गुफायें

(D) उपरोक्त सभी

92. विदिशा से प्राप्त यक्ष की प्रतिमा :

(A) 12 फुट ऊँची है

(B) दाहिने हाथ में सिक्कों की थैली लिये हुए है

(C) सिर पर ऊँची पगड़ी पहने है

(D) उपर्युक्त सभी

93. बाघ की किस गुफा में चित्र प्राप्त होते हैं ?

(A) हाथीखाना तथा रंगमहल

(B) पञ्चपाण्डु तथा गृह गुफा

(C) गुसाईं गुफा तथा पाठशाला

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

94. प्रागैतिहासिक चित्रों का उद्देश्य है :

(A) जादू-टोना

(B) अभिव्यक्ति

(C) संस्कार

(D) उपरोक्त सभी

95. सिंधु घाटी सभ्यता के केन्द्र थे :

(A) मोहनजोदड़ो, हड़प्पा

(B) भीम बेटका, मिर्जापुर

(C) उदयपुर, जयपुर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. The earthenware excavated from Indus Valley Civilization are :

(A) well decorated with motifs

(B) painted with red colour and then designed with black colour

(C) trees, plants, animals, birds and geometrical forms as motifs are painted

(D) All of the above

96. सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त मृत्तिका पात्र :

(A) आलेखनों से सुसज्जित हैं

(B) लाल रंग चढ़ाकर काले रंग से चित्रित हैं

(C) पेड़-पौधे, पशु-पक्षी तथा ज्यामितीय आकृतियाँ अंकित हैं

(D) उपरोक्त सभी

97. Rock - caves were :

(A) natural caves

(B) carved out of mountains

(C) constructed by monks

(D) None of the above

97. शैलगृही गुफायें :

(A) प्राकृतिक गुफायें थीं

(B) पर्वत खोदकर बनाई गयी थीं

(C) भिक्षुओं द्वारा निर्मित थीं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. The characteristic of 'Dying Princess' painting is :

(A) Linear beauty

(B) Piety

(C) Colour

(D) All of the above

98. 'मरणासन्न राजकुमारी' चित्र की विशेषता है :

(A) रेखा का सौन्दर्य

(B) करुणा

(C) रंग

(D) उपरोक्त सभी

99. Paintings of Ajanta are :

(A) Sujata Ki Kheer

(B) Stupa Puja

(C) Kali Rajkumari

(D) All of the above

99. अजन्ता के भित्तिचित्र हैं :

(A) सुजाता की खीर

(B) स्तूप पूजा

(C) काली राजकुमारी

(D) उपरोक्त सभी

100. The Mother Figures (Goddess) of Indus Valley Civilization are decorated with :

(A) Heavy headgears

(B) Rich clothes and jewellery

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

100. सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त मातृ देवी की मूर्तियाँ सज्जित हैं :

(A) भारी शिरोभूषा से

(B) वस्त्राभूषणों से

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

5. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

6. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

7. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

8. There will be no negative marking.

9. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

10. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

11. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

5. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

6. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

7. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

8. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

9. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

10. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

11. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**